के सेपरेट उसका हिस्सा रखा गया। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि सरकार जम्मू-काश्मीर को देश के और नजदीक लाने के लिए, उसको एसीमिलेट करने के लिए, एक नेशन में शामिल करने के लिए क्या कदम उठा रही है?

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

दिल्ली को राज्य का दर्जा दिया जाना

*225. श्री सत्य प्रकाश मालवीय: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली को राज्य का दर्जा दिये जाने के मुद्दे पर सरकार का मत क्या है; और

(ख) क्या सरकार इस संबंध में राजनैतिक दलों तथा जन-प्रतिनिधियों से परामर्श करने का विचार रखती है, और यदि हां, तो कब?

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण): (क) और (ख) संविधान (72वां संशोधन विधेयक, 1990 को लोक सभा में 31-5-90 को प्रस्तुत किया गया। विधेयक के अनुसार संघ शासित क्षेत्र दिल्ली को "दिल्ली राजधानी राज्य" के रूप में परिवर्तित करना था। विधेयक को 6-9-1990 को विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। लोक सभा के भंग हो जाने से विधेयक समाप्त हो गया।

इस विधेयक को पुन: प्रस्तुत करने का कोई तात्कालिक प्रस्ताव नहीं है।

NRI Status to people of Indian Origin in Israel

*226. SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that about 35,000 Israeli citizens of Indian origin qualify for the status of NRIs;

(b) whether it is a fact that Government is pursuing a discriminatory attitude towards Israel based NRIs in the issuance of visa; and

(c) whether there is any proposal to open an office in Israel for issuance of visas to NRIs in Israel to visit their relatives in India?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) and (b) Israeli citizens of Indian origin are entitled to the same facilities as other foreign nationals of Indian origin including in the grant of visas.

(c) No, Sir.

Punjab Ultras in Uttar Pradesh

*227. SHRI SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the various reports appearing in a section of the press that over 150 ultras of Punjab have sneaked into Uttar Pradesh;

(b) if so, the details in this regard;

(c) whether any measures have been taken to flush out these Ultras from Uttar Pradesh; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): (a) Yes, Sir.

(b) to (d) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

Government are aware of a press report, attributed to the Director General of U.P. Police, However, according to the Government of U.P. contradiction was issued the same day.

Government of Uttar Pradesh have informed that the reports appearing in the press are not factually correct, but that there could be smaller groups of terrorists sneaking into the State using any of the several routes available. The State Government are seized of the problem and have taken various measures to tackle the situation. These include strengthening of intelligence machinery, deployment of Central forces|PAC in affected areas, improvement of communications system, providing extra vehicles, establishment of bomb disposal squads, etc. The Central Government are in constant touch with the State Government in this regard and have been providing all possible assistance as and when required.

तिब्बत में विषाक्त अपशिष्ट पदार्थों का ढेर लगाना

*228. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 1 अगस्त, 1991 के "दि टाइम्स आफ इण्डिया" में "तिब्बत बीइंग यूज्ड फार डम्पिंग टाक्सिक वेस्टट्स" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि इस क्षेत्र में चीन द्वारा अत्यधिक परमाणु परीक्षणों के किये जाने के कारण इस क्षेत्र से होकर भारत, नेपाल औ बांगलादेश जाने वाली नदियों के पानी के विषाक्त हो जाने की सम्भावना है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में नेपाल और बांगलादेश की सरकारों को विश्वास में लेकर चीन सरकार से सम्पर्क किया है तथा उससे इस क्षेत्र को इस प्रकार के परीक्षणों से मुक्त रखने का अनुरोध किया है; और

(घ) यदि नहीं, तो इस संबंध में अभी तक इस तरह की वार्ता न किए जाने के क्या कारण हैं और निकट भविष्य में इस दिशा में कब तक कोई कदम उठाए जाने की सम्भावना है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडआर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) सरकार ने यह खबर देखी है। सरकार के पास जो सूचना उपलब्ध है उससे उक्त समाचार में लगाये गए आरोपों की पुष्टि नहीं होती।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता।

उग्रवादियों को बिहार से विस्फोटकों की सप्लाई

*229. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 23 अगस्त, 1991 के दैनिक जागरण में उग्रवादियों को बिहार से विस्फोटकों की सप्लाई के बारे में प्रकाशित समाचार की ओर गया है;

(ख) क्या बिहार से ये पदार्थ एल.टी.टी.ई., यू.एल.एफ.ए. और पंजाब के उग्रवादियों को सप्लाई किये जा रहे हैं; और

(ग) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है ?

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण) : (क) जी हां, श्रीमन्।

(ख) और (ग) बिहार सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, बिहार से असम में विस्फोटकों की आपूर्ति करने से संबंधित एक मामले का अभी हाल ही में पता लगा। एक मामला दर्ज